Media Scanning & Verification Cell

Government of India

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
6548	25.01.2022	25.01.2022	Indore Madhya Pradesh	www.jubileepost.in/Hindi https://www.jubileepost.in/new-variant-of-omicron-found-in-indore-infecting-lungs/
Title:	**New variant of omicron found in Indore infecting lungs, Madhya Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Indore, SSU – Madhya Pradesh			

इंदौर में मिला ओमिक्रॉन का नया वेरिएंट, फेफड़ों को कर रहा संक्रमित

कोरोना के ओमिक्रॉन वेरिएंट से संक्रमित होने का सिलसिला दुनिया भर में जारी है। भारत में तो यह कम्युनिटी ट्रांसमिशन स्टेज में पहुंच चुका है।

इतना ही नहीं अब तो ओमिक्रॉन का भी नया वेरिएंट आ गया है। कोरोना अपनी उत्पत्ति के बाद से लगातार अपना रूप बदल रहा है।

कई बार कोरोना का नया वेरिएंट लोगों की मुश्किलें बढ़ा चुका है।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (WHO) के अनुसार, अब तक ओमिक्रॉन के तीन सब वैरिएंट BA.1, BA.2, और BA.3 सामने आ चुके हैं।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

23 दिसंबर 2021 तक कोरोना के नये वेरिएंट ओमिक्रॉन के 99 फीसदी सीक्वेंस्ड मामलों में सब वैरिएंट BA.1 मिला। हालांकि पिछले कुछ दिनों में ओमिक्रॉन का दूसरा सब वैरिएंट BA.2 भी तेजी से फैलता पाया गया है।

इंदौर में मिला ओमिक्रॉन का सब वेरिएंट BA.2

इंदौर में एक निजी मेडिकल कॉलेज का दावा है कि उसके यहां हाल के 14 मरीजों में BA.2 वेरिएंट पाया गया है, जो कि भारत का नया सब-स्ट्रेन है।

इंदौर में सोमवार को श्री अरबिंदो आयुर्विज्ञान संस्थान (SAIMS) ने दावा किया कि इस महीने की शुरुआत में इंदौर में संक्रमित होने वाले कम से कम 14 मरीजों में BA.2 सब-स्ट्रेन मिला है।

SAMIS के अध्यक्ष डॉ विनोद भंडारी के मुताबिक, ओमिक्रॉन के BA.1.1.1.529 और BA.1 स्ट्रेन के विपरीत नया सब स्ट्रेन BA.2 मरीजों के फेफड़ों को भी संक्रमित कर रहा है।

बताते चलें कि ओमिक्रॉन वेरिएंट के नए सब स्ट्रेन से संक्रमित छह बच्चों में से एक सिर्फ दो महीने का, दूसरा एक साल का मरीज है। इसमें एक 7 साल, 10 साल और लगभग 17 साल की उम्र के दो किशोर शामिल हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से मंगलवार को जारी किये गये आंकड़ों के अनुसार भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 2 लाख 55 हजार 874 नए मामले सामने आए हैं। वहीं इस दौरान 2,67,753 मरीजों की रिकवरी हुई है। इसके अलावा इस अवधि में ही 614 लोगों की कोरोना से मौत हुई है।